## Headline

1. IND Vs PAK: रिजर्व डे पर दोपहर तीन बजे होगी मैच की शुरूआत, विराट कोहली और राहुल करेंगे बैटिंग की शुरूआत
2. Weather in UP: आज भी जारी रहेगी भारी बारिश, प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान का रेड अलर्ट जारी
3. G20: जी20 में भारत-सऊदी अरब के समझौते से तिलमिलाया पाकिस्तान, सोशल मीडिया पर लोग बोले- हमें शर्म आती है


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 66 | इंदौर, सोमवार 11 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# अब खुदकुशी नहीं, लें पुलिस की मदद

## सायबर अपराध के पीड़ितों के लिए पुलिस का अभियान



**आत्महत्या के मामलों को देखते हुए अधिकारियों को दिए जागरुकता लाने के निर्देश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। साइबर अपराध के पीड़ितों के आत्म ग्लानि में आकर आत्महत्या करने के मामलों के चलते अधिकारियों को जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सभी पुलिस अधिकारियों और थानों को कहा गया है कि वह लोगों के बीच में पहुंचकर उन्हें अपराध के प्रति जागरुक करें ताकि वह यह समझ सकें कि गलती उनकी नहीं है और वह गलत कदम उठाने के बजाए मदद के लिए पुलिस के पास पहुंचे। हाल ही में साइबर अपराध के शिकार हुए लोगों के आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं। विशेष कर लोन एप के मामलों में आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। आत्महत्या के बाद पुलिस को पता चलता है कि वह पीड़ित है, लेकिन तब तक देर हो चुकी होती है। इसको देखते हुए जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। थानों को कहा गया है कि वे लोगों के बीच में जाएं और उन्हें इस खतरे के बारे में बताएं। कई मामलों में साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति अपने आप को ही कसूरवार मानने लगता है। उसे समझ ही नहीं आता कि उसकी कोई मदद भी कर सकता है। उसे लगता है कि उससे बड़ी गलती हो गई। इसलिए लोगों को समझाना है कि वह किस तरह से अपराधियों से बच सकते हैं। इसके बाद भी अगर वह जाल में फंस जाए तो पुलिस से मदद ले सकते हैं। क्राइम ब्रांच और साइबर सेल के साथ ही थाना स्तर पर भी ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने के निर्देश कमिश्नर ने दिए हैं। इसके बाद स्कूल- कॉलेज के साथ ही दूसरे मंचों पर भी जागरुकता अभियान शुरु किया गया है।

### ◆ इन लोन एप को बैन करने के लिए इंदौर क्राइम ब्रांच ने गूगल को लिखा पत्र

अमित यादव और परिवार की मौत के बाद कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने स्टार लोन, मेट्रो फाइनेंस, स्टेसफिन, कैश होस्ट, गोल्ड कैश, मोबाइल कैश, इजी क्रेडिट, मनी ट्री, लोन फॉर्चून, रूपी स्मार्ट, फ्लैस रूपी, जोजो कैश, कैश पार्क, लाइव कैश, सन कैश, इनकम एप, यूनिट कैश, ब्राइट कैश, मैजिक मनी, रॉयल कैश, शार्पकम एप, मार्बेल एप, मोबिक्विक, वाइल लोन एप, कैश फिश, लोन एप, रूपे बस, रूपीज लेड, रिच कैश, अपना पैसा, गोल्डमैन प्लस, थाई रूपी, हैडी लोन, आसन लोन, रूपी फैटा मनी पॉकेट, एप पॉकेट, फास्ट रूपी, एक्सप्रेस लोन, लोन ग्रीस, कैश कोला, फास्ट रूपी, मनी म्यूचुअल, कैश काउ, रेश कैश, वन लोन, ईजी लोन, क्वालिटी कैश, समय लोन, पब कैश, स्मॉल कैश, बास्केट लोन, मनी लैडर, ब्राइट मनी, कैश मैजिक, ईजी आरपी कैश गुरु, कैश होल, मनी बॉक्स और मैड लोन सहित अन्य लोन एप को बैन करने के लिए क्राइम ब्रांच ने गुगल को पत्र लिखा था।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र की तीन इमली में रहने वाले जितेंद्र ने आत्महत्या कर ली। उसके पास से मिले सुसाइड नोट से पता चला कि वह ऑनलाइन गेम खेलने के चक्कर में कर्जा हो गया। लोन लिया और फिर एप के जाल में फंस गया। इसके बाद वह ऐसा उलझा की उसे मौत को गले लगाना पड़ा।

हीरानगर थाना क्षेत्र के सुंदर नगर में रहने वाले अमय ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजनों को लगा कि उसने बीमारी से परेशान होकर यह कदम उठाया है। बाद में जांच की गई तो पता चला कि वह लोन एप के जाल में फंस गया था। वसूली के लगातार दबाव बनाए जाने से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।

## कुछ मामलों पर एक नजर

### अगस्त 2022 - पूरा परिवार हो गया था खत्म

अगस्त 2022 में भागीरथपुरा इलाके में रूह कंपकंपा देने वाला सामने आया था, जिसमें पूरा परिवार ही खत्म हो गया था। अमित यादव नामक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसके पहले उसने अपनी पत्नी और दोनों मासूम बच्चों को जहर दे दिया था। पुलिस को निजी दूरसंचार कम्पनी में काम करने वाले अमित यादव (35) का शव उनके घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला, जबकि उनकी पत्नी टीना (30), तीन वर्षीय बेटी याना और एक वर्षीय बेटे दिव्यांश के शव जमीन पर पड़े मिले थे। मामले की जांच में पता चला कि मूलतः सागर के रहने वाले अमित यादव के छोड़े सुसाइड नोट में कहा गया है कि 'जीने की इच्छी मेरी भी है, लेकिन मेरे हालात अब ऐसे नहीं रहे, आदमी मैं बुरा नहीं हूं, पर हालात नहीं... इसमें किसी की कोई गलती नहीं है, मेरी ही है, मैंने कई ऑनलाइन ऐप से लोन से रखा है, पर मैं लोन भर नहीं पा रहा हूं, इज्जत के डर से यह कदम उठा रहा हूं, पुलिस मेरे परिवार को परेशान न करें, मैं ही दोषी हूं। इस घटना से सवाल खड़ा हुआ था कि आखिर इन ऑनलाइन सूदखोरों ने ऐसी क्या धमकियां दी थीं, जिससे अमित की इज्जत खतरे में थी।

### फरवरी 2022 - ऑनलाइन गेम और लोन ने ली जान

ऑनलाइन गेम की लत ने छात्र जितेंद्र वास्कले की जान ले ली, घटना भंवरकुआ थाना क्षेत्र की है। जितेंद्र ने ऑनलाइन तीन पत्ती गेम के चक्कर में मौत को गले लगा लिया। जितेंद्र ने जहर खाने से पहले अपनी बहन को मैसेज करके इसकी जानकारी दी। दोस्त उसे जब तक अस्पताल ले जाते देर हो गई और अस्पताल में डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। स्टूडेंट के पास सुसाइड नोट भी मिला है। बताया जा रहा है कि जितेंद्र को तीन पत्ती खेलने की इतनी लत लग गई थी कि उसने ऑनलाइन लोन ऐप के माध्यम से कर्ज ले लिया था। वह पूरा पैसा तीन पत्ती गेम में हार गया और जब उस पर अधिक कर्जा हो गया तो जहर खा लिया। पुलिस मोबाइल के आधार पर अब अन्य जानकारी भी जुटा रही है। जितेंद्र वास्कले मूल रूप से खरगोन का रहने वाला था और यहां किराए के कमरे में रहता था। वह पढ़ाई के साथ ही सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी करता था। उसके पास सुसाइड नोट मिला। जिसमें लोन एप से कर्जा लेने की बात लिखी है।

# दिल्ली से आई टीम और वाटर प्लस सर्वे शुरू, अलर्ट पर अफसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वाटर प्लस सर्वे को लेकर दिल्ली से टीम आई इसके चलते सारी व्यवस्था चाक-चौबंद करने में नगर निगम के अफसर जुटे हुए हैं, ताकि सर्वे टीम को कहीं कोई कमी - पेशी नजर ना आए। नदी तालाब सहित सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय की सफाई देखने का काम टीम कर रही है।**

इंदौर नगर निगम वाटर प्लस का तमगा वर्ष 2021 में एक बार हासिल कर चुका है। दूसरी बार यह तमगा मिलेगा या नहीं, यह वाटर प्लस सर्वे का रिजल्ट आने के बाद ही पता चलेगा। निगम अफसरों की मानें तो वाटर प्लस सर्वे को लेकर दिल्ली से सर्वेक्षण टीम आ गई है। टीम नदी-नालों, तालाब, कुएं बावड़ी शहर के समस्त सीटीपीटी यानी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय की सफाई व्यवस्था देखना शुरू कर दी है। स्वच्छता सर्वेक्षण - 2023 में वाटर प्लस सामुदायिक शौचालय और यूरिनल की सर्वे के 1500 नंबर है। यह नंबर मुख्य सर्वेक्षण में काफी मदद करते हैं, इसलिए निगम यह सारे अंक प्राप्त करने में लगा है। मालूम हो कि स्वच्छता को लेकर मुख्य सर्वे हो गया है। रिजल्ट संभवतः अगले महीने अक्टूबर में आ सकता है। निगम को उम्मीद है कि इंदौर शहर वाटर प्लस में दूसरी बार अव्वल आने के साथ सर्वेक्षण में सातवीं बार नंबर वन बनेगा।

## इस बार लेट शुरू हुआ सर्वे

हर वर्ष स्वच्छता के मुख्य सर्वेक्षण से पहले वाटर प्लस सर्वे होता है लेकिन इस बार मुख्य सर्वे के बाद वाटर प्लस सर्वे हो रहा है वाटर प्लस सर्वे के लिए टीम लेट आई है। हालांकि बरसात के चलते सर्वे टीम को नदी-नालों में पानी नजर आ रहा है। इसके साथ ही साफ-सफाई, क्योंकि बरसात के चलते गंदगी व कचरा वह गया है। सर्वेक्षण के चलते नदी-तालाब अभी तो साफ नजर आ रहे हैं. लेकिन सर्वे के बाद हालत फिर बिगड़ जाएगी।

## अफसरों को लगाया काम पर

वाटर प्लस सर्वे शुरू होने के चलते महापौर पुष्पमित्र भार्गव और निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने निगम अफसरों को अलर्ट कर दिया है। समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, समस्त विभाग प्रमुख, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त जोनल अफसर, समस्त एनजीओ प्रमुख व अन्य विभागीय अफसरों सर्वेक्षण के चलते सारी व्यवस्था चाक-चौबंध रखने का कहा है। साथ ही कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए है।

# उत्साह के साथ सीखा माटी के गणेश जी बनाना

### इंदौर प्रेस क्लब में सृजन से विसर्जन अभियान के तहत हुआ कार्यशाला का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जल एवं तालाब संरक्षण समिति और इंदौर प्रेस क्लब द्वारा संयुक्त रूप से ह्यसृजन से विसर्जन अभियान के तहत निःशुल्क माटी गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन मीडिया के साथियों के बच्चों और परिजन के लिए रविवार शाम इंदौर प्रेस क्लब सभागार में किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और अन्य लोगों ने माटी के गणेश जी बनाना सीखा। इस मौके पर संकल्प लिया गया कि जिस तरह स्वच्छता में इंदौर को नंबर वन बनाया है, उसी तरह माटी गणेश की स्थापना के मामले में भी इंदौर को नंबर वन बनाएंगे। अभियान के शुरूआत के मौके पर इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने जल एवं तालाब संरक्षण समिति के प्रयासों की तारीफ की और कहा कि माटी के गणेश के सृजन से लेकर विसर्जन तक से नदियों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। समिति की सचिव और कार्यशाली की संयोजक मेघा बर्वे ने बताया कि 2014 से प्रतिवर्ष माटी के गणेश बनाने का निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं, इसमें हर उम्र के लोग शामिल हो रहे हैं। स्कूल-कॉलेजों, रहवासी संघों के साथ यह अभियान चलता आ रहा है। हर वर्ष करीब 36 इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आज प्रेस क्लब में आयोजित कार्यशाला में बिंदु मेहता प्रशिक्षण दे रही हैं। इस मौके पर समिति से जुड़े नेताजी मोहिते, संजीव राजवाड़े सहित समिति के अनेक सदस्य, कई लेखक-लेखिकाएं और मीडिया के साथी मौजूद रहे।

# लोक अदालत में बिजली संबंधी 3038 प्रकरण निराकृत

### निराकरण पर 94लाख की छूट दी गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेशनल लोक अदालत में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को आशातीत सफलता मिली है। कंपनी के 3038 प्रकरण निराकृत हुए है। नियमानुसार करीब 94 लाख रुपए की छूट उपभोक्ताओं, प्रकरणों के निराकरण पर दी गई है। लोक अदालत के दौरान कंपनी के साढ़े पांच करोड़ रूपए के प्रकरणों का समाधान हुआ है।**

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देश पर कंपनी क्षेत्र के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की सफलता के लिए तैयारी की थी। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राकेश आर्य ने बताया कि लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी गई। लोक अदालत की कंपनी क्षेत्र के 425 वितरण केंद्रों, जोन के माध्यम से तैयारी की गई थी। हजारों नोटिस तामिल कराए गए थे।

# 10 दिन में भोपाल आ जाएंगे मेट्रो ट्रेन के कोच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बस अब कुछ ही दिनों में इंदौर मेट्रो युग में प्रवेश कर रहा है ... रविवार को तेज बारिश में मप्र मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने अफसरों को साथ गांधीनगर स्थित डिपो और स्टेशन का अवलोकन किया। डिपो में खड़ी मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी रन भी देखा। अब अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ट्रायल रन होना है। इन्दौर का भविष्य बदलने में मेट्रो की भूमिका कारगर साबित होगी। । मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन अब अगले साल सन 2024 में मई-जून तक ही संभव है।

जानकारी के मुताबिक शहर में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश से भले ही शहर में जन जीवन प्रभावित हुआ हो, लेकिन मेट्रो के ट्रायल रन के लिए चल रहे कार्यों पर बारिश का कोई असर नहीं पड़ा। रविवार को मप्र मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने अफसरों को साथ गांधीनगर स्थित डिपो और स्टेशन का अवलोकन किया। मेचःो के ट्रायल रन शुरु करने के संदंर्भ में मनीष सिंह ने बताया की हमारी पूरी कोशिश यहीं है की 14 या 15 सितम्बर से ट्रायल रन शुरु कर दे। तेजी से काम चल रहा है और जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्य पूरा होते ही



मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ट्रायल रन शुरु कर दिया जाएगा।

## 10 दिन में ट्रेन के कोच भोपाल आ जाएंगे

उन्होंने बताया की भोपाल मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन पास आ गया है। मेट्रो के कोच के लिए ट्रायल के अगले दिन आसपास की सडकों पर डामरीकरण किया जाएगा जबकि सुभाष डिपो की ओर से मेट्रो स्टेशन के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए डिपो से स्टेशन फुट ओवरब्रिज बनाया गया है। 10 दिन में ट्रेन के कोच भोपाल आ जाएंगे। मेट्रो कोच को डिपो तक पहुंचाने के सडक भी बनाई गई है। शनिवार को ये कोच गुजरात के बड़ोदरा से भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। भोपाल मेट्रो ट्रेन के कोच तीन अलग-अलग ट्रालों में भोपाल लाए जा रहे हैं।

## ट्रायल की तैयारियां जोरों पर

भोपाल डिपो में इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। भोपाल की एम्स से करोंद तक 14.22 किमी लंबी ऑरेंज लाइन के लिए ऑरेंज रंग के कोच तैयार किए गए हैं। तीन कोच के डिब्बों की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। जिस सडक मार्ग से मेट्रो कोच को लाया जा रहा है, पहले उन सडकों का मॉक ट्रायल किया गया। इसमें देखा गया कि सडक धंसेगी तो नहीं। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के एमडी मनीष सिंह का कहना है कि मेट्रो ट्रायल रन इसी माह यानि सितंबर में होगा।

हालांकि इंदौर - भोपाल में मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन अब अगले साल सन 2024 में मई-जून तक ही संभव है। मेट्रो ट्रेन ट्रायल के बाद अन्य स्टेशनों पर भी एफओबी से लोगों को सीधे स्टेशन के अंदर तक पहुंचने की सुविधा दी जाएगी। दो मंजिला स्टेशन के पहले फ्लोर पर टिकटिंग सिस्टम होगा, जबकि दूसरा प्लेटफार्म का हिस्सा रहेगा।

कटाक्ष




जैन समाज में आक्रोश

# सभी जिनालयों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई बड़ी बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भगवान बाहुबली दिगम्बर जैन ट्रस्ट गोमटगिरी के आव्हान पर समग्र जैन समाज की बड़ी बैठक लश्करी मंदिर गोराकुंड पर संपन्न हुई । बैठक में शहर के समग्र जैन समाज के करीब 150 मंदिरों के अध्यक्ष , मंत्री, प्रतिनिधियों , समाज के गणमान्य जनों व विभिन्न राष्ट्रीय संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे ।**

बैठक में उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना किए जाने व गुर्जर समाज के कतिपय लोगों को राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा कराए जाने के प्रयासों के खिलाफ पिछले कई माह से संघर्षरत जैन समाज अब आक्रोशित हो कर बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होता दिखाई दे रहा है । इसी बात को लेकर समाजजनों की उपस्थिति में हुई बैठक में समाज का आक्रोश परिलक्षित होता दिखाई दिया। बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि अब समाज में खुलकर शासन द्वारा किए गए असहयोग को आम जनता में बताया जाए एवं उनके विरुद्ध जनमानस बनाने के लिए आंदोलन किया जाए।

प्रारंभ में ट्रस्ट अध्यक्ष भरत मोदी ने प्रारंभ से ले कर अब तक की स्थिति बताते हुए कहा की भगवान बाहुबली गोम्मटगिरी जैन तीर्थ क्षेत्र के लिए सन 1981 में तत्कालीन शासन द्वारा 12.49 एकड़ और सन् 1983 मे 53.11एकड इस प्रकार कुल 65.60 एकड भूमि जमीन लिज पर दी गई। उच्च न्यायालय,इंदौर द्वारा आदेशित किया गया था कि गोम्मटगिरि जैन तीर्थ क्षेत्र के लिए दी गई लीज डिड को रजिस्टर्ड करवाए और लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पूरी करें साथ ही गोमटगिरि ट्रस्ट को पर्याप्त पुलिस प्रोटेक्शन दिलाने की बात भी कही ताकि गोम्मटगिरी ट्रस्ट अपनी भूमि की बाउंड्री वॉल एवं मेन गेट बनवा सके।

# वाघेलिकर को समर्पित भावांजलि आयोजित

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। संस्था रुद्रा डांस एवम कला संकुल द्वारा मूर्धन्य गायक स्वर्गीय विवेक वाघोलिकर को समर्पित भावांजलि कार्यक्रम किया गया, रविवार शाम विवेक वाघोलिकर को समर्पित महफिल सुरीले गायक के साथ सेक्सोफोंन के नाम रही, सैक्सोफोन पर असलम और योगेश कुलपारे ने बेहतरीन जुगलबंदी की, आयोजक पल्लवी वाघोलीकर अपने जीवन साथी विवेक वाघोलिकर की याद में हर वर्ष संगीत का ये आयोजन करती है, विवेक के साथ रहे संगीत कलाकारों ने प्रस्तुति दी,



संगीत संयोजन इंटरनेशनल रिदम बैंड का रहा,संगीत कलाकार रूपक जाधव,रवि साल्के-की बोर्ड, राजेश मिश्रा -बेस गिटार, असलम भाई,योगेश कुलपारे - सैक्सोफोन, बाबला गजभिए-कांगो ढोलक, अनूप कुलपारे -ऑक्टोपेड पर संगत कर नगमों को मेलोडियस बना दिया, कार्यक्रम के शुरुवात में रंजन सर द्वारा ध्वज वंदना और राष्ट्रगान किया गया, सैक्सोफोन पर मधुर स्वर लहरियों के साथ महफिल का आगाज़ हुआ, टोनी शुक्ला ने अपने शब्दों से मधुर संचालन कर भावांजलि में भाव डाल दिए, स्टार फेन क्लब के हेमंत अग्रवाल और प्रवीण खारीवाल ने कलाकारों का स्वागत किया, नासीर खान, मनीष शुक्ला, अर्पिता बोबड़े, श्रद्धा जगताप, हर्षिता जायसवाल, पिंकी श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, अन्नू शर्मा ने प्रस्तुति दी,पल्लवी वघोलिकर ने आभार माना, इस अवसर पर शहर के संगीत कलाकारों ने विवेक वाघोलीकर के साथ बिताए पल के स्मरण सुनाएं !! कल बारिश थम गई थी पर हाल में कलाकारों ने सुरीले नगमों की बौछारों से सभी को मस्त कर दिया !!

# भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा ने पकड़ा मैदान

## ◆क्षेत्र की समस्याओं शीघ्र हल करवाने का दिया आश्वासन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर।** अगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कुछ प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसके चलते रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और राउ से भाजपा प्रत्याशी मधु वमाई अपने क्षेत्र की समस्याओं को हल करना निकले। भाजपा द्वारा किए गए कामों के कारण उनके सामने ज्यादा समस्याएं नहीं आई ,जो समस्या बताई गई उन्हें जल्द हल करने का आश्वासन दिया। राऊ से भाजपा के प्रत्याशी मधु वर्मा रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र राउ स्थित टे:जर फेंटेसी, शुभम ग्रीन, राजलक्ष्मी, सांईराम पाम्स सहित अन्य कॉलोनियों में पहुंचे। यहां की भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री व रंगवासा की पंच श्रीमती ममता मुकेश शर्मा ने मधुवर्मा को क्षेत्र का भ्रमण करवाया। भ्रमण के दौरान डे:नेज, पीने के पानी और सडक़ की समस्या समाने आई जिसे मधुवर्मा ने शीघ्र ही हल करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, ज्योति शर्मा, कल्पना आपटे, विजय गुप्ता, लक्ष्मी पाठक व विनोद सनेचा विषेष रुप से साथ में थे।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# भोजशाला में वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश

## ◆ फोटो-वीडियो वायरल हुआ, पुलिस बोली- जिन्होंने भी ऐसा किया उसके खिलाफ होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार**। धार में हिंदुओं की आस्था का केंद्र भोजशाला में मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया गया है। इसको लेकर रविवार सुबह से ही कुछ फोटो- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। दूसरी तरफ सुबह से ही हिंदू समाज के लोग भी मूर्ति के दर्शन करने पहुंचे। हालांकि अभी भोजशाला में मूर्ति नहीं है।

भोज उत्सव समिति के संयोजक अशोक जैन ने कहा कि प्रशासन ने जो मूर्ति हटाई है, उसे वहां पर वापस लाकर स्थापित करें। मां वाग्देवी प्रतिमा प्रकट होना हमारे लिए उत्साह का विषय है। हम यहां विधिवत पूजन करेंगे। प्रशासन ने मूर्ति को गुप्त स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। वापस मूर्ति नहीं लगाई जाती तो आगे आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

इंदौर से स्पेशल फोर्स की टीम धार पहुंच गई है। इसके साथ ही एएसपी, एडीएम, 2 सीएसपी, 3 डीएसपी, 8 थाना प्रभारी सहित 180 से अधिक पुलिस जवान तैनात हैं। भोजशाला में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसपास के इलाके में पुलिसकर्मियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### हिंदू भोजशाला और मुस्लिम मस्जिद मानते हैं

भोजशाला में वाग्देवी यानी सरस्वती की पूजा होती है। इस भोजशाला को मुस्लिम मस्जिद मानते हैं, तो हिंदू भोजशाला। बसंत पंचमी पर भोजशाला को लेकर विवाद भी लगातार होते रहे हैं। यहां मंगलवार को ढोल, झांझ, मजीरे के साथ हिंदू समाज के लोग सुंदरकांड का पाठ करते हैं। इसके अलावा शुक्रवार को मुस्लिम समाज जुमे की नमाज पढ़ता है। बता दें, बाकी दिनों में परिसर सभी धर्म के लोगों के लिए खुला है। वहां कोई भी टिकट लेकर अंदर जा सकता है।

### हिंदू समाज हर मंगलवार को करेगा सत्याग्रह

भोज उत्सव समिति के महामंत्री हेमंत दौराया ने बताया कि भोजशाला की मुक्ति और मां वाग्देवी की पुर्नस्थापना के लिए पूरा हिंदू समाज सैकड़ों वर्षों से संघर्ष कर रहा है। हर मंगलवार हिंदू समाज सत्याग्रह करता है। उस सत्याग्रह के प्रताप के ही बल से मां वाग्देवी प्रकट हुई है। पूरे समाज को जब यह बात मालूम हुई तो समाज स्वत: ही दर्शन के लिए भोजशाला आया तो पता चला कि प्रशासन ने वाग्देवी की प्राकट्य मूर्ति को कही दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया है। इससे भोज उत्सव समिति और पूरे हिंदू समाज में रोष है।

### फेंसिंग काटकर मूर्ति रखने का प्रयास

जानकारी के मुताबिक, भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन स्थित भोजशाला परिसर के बाहर लगी तार फेंसिंग को काटकर कुछ लोगों ने रात में मूर्ति रखने का प्रयास किया। हांलाकि जिन लोगों ने ऐसा करने की कोशिश की है, उनके बारे में अब तक कुछ पता नहीं चला है।

### भोजशाला के आसपास लगे फुटेज खंगाल रही पुलिस

एडिशनल एसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार ने बताया कि ऐसा कृत्य करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई करेंगे। भोजशाला के आसपास लगे फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वाले लोगों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। फिलहाल शहर में शांति कायम है।

### हिंदू महासभा ने जारी किया वीडियो

इस मामले में हिंदू महासभा की ओर से एक वीडियो जारी किया गया है। जिसमें 5 लोग खड़े दिखाई दे रहे हैं। उनमें से एक व्यक्ति कह रहा है कि मुझे जानकारी मिली है कि, धार भोजशाला के गर्भगृह में मां वाग्देवी का प्राकट्य हुआ है। यह पूरे सनातन धर्म के लिए के लिए हर्ष का विषय है। मां बागेश्वरी देवी ने जो आराधना स्वीकार की है वह हिंदू महासभा की है। मैं उन कार्यकर्ताओं को जिन्होंने मां की सच्चे मन से आराधना की, जिनकी वजह से मां का प्राकट्य हुआ, उन्हें साधुवाद देता हूं। सभी सनातनियों से मैं अपील करता हूं कि मां आपको दर्शन देने के लिए भोजशाला में पधारी है। आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में भोजशाला जाएं और मां के दर्शन करें।

# तीन घंटे बंद रहा भोपाल-दिल्ली ट्रेन रूट तीन घंटे रहा बंद

## ◆ धौलपुर में ट्रैक के नीचे मिट्टी धंसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। राजस्थान के धौलपुर में तेज बारिश के बाद भोपाल-दिल्ली रेलवे ट्रैक तीन घंटे से ज्यादा समय तक बंद रहा। यहां पानी की वजह से ट्रैक के नीचे की मिट्टी बह गई थी। सूचना पर रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान झांसी से दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को ग्वालियर से इटावा होकर डायवर्ट किया गया है। कई ट्रेनों को छोटे स्टेशनों पर रोका गया था।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक पटरियों का रिस्टोरेशन का कार्य करीब पूरा हो गया है। इसके बाद सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। रेलवे इंजीनियर मोहन मीणा ने बताया कि सुबह करीब 3 मीटर पटरी की जमीन धंसने की सूचना मिलने के बाद ही युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया था। जिसके लिए ट्रैक के नीचे वुडन, स्टोन और मिट्टी को भरवाकर यातायात सुचारु कर दिया गया है।

धौलपुर के पास रेल ट्रैक की मिट्टी धंस गई। इससे दो से तीन घंटे तक यातायात बंद रहा। ग्वालियर से कई ट्रेनों को इटावा होते हुए दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

### छत्तीसगढ़, समता समेत कई ट्रेनें ग्वालियर से डायवर्ट

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जबलपुर नई दिल्ली 12192 और 12617 मंगला एक्सप्रेस का रूट ग्वालियर से इटावा होकर डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि 12781 स्वर्ण जयंती, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 12807 समता एक्सप्रेस, 12641 कन्याकुमारी से हजरत निजामुद्दीन और 20807 हीराकुंड एक्सप्रेस को बीना से कोटा और मथुरा से डायवर्ट कर दिल्ली भेजा जा रहा है। 11807 पैसेंजर और 14211 इंटरसिटी एक्सप्रेस को रद्द किया गया है।

### वैन ने ली बाप-बेटे की जान

**रीवा।** शहर के इटौरा बायपास पर एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। रविवार दोपहर दो बजे तेज रफ्तार मारुती वैन ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार बाप-बेटे की मौके पर मौत हो गई है। वहीं मारुती वैन सवार 6 लोग घायल है। सभी को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया जा रहा है।

### कैदी की मौत

**नर्मदापुरम।** केंद्रीय जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार रात में 22 साल के युवक की जेल में ही तबीयत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कुछ देर में उसकी मौत हो गई।

# मंत्री परमार के सामने डॉक्टरों पर भडक़ी महिला

## बोली- यहां राम-नाम सत्य हो, इससे अच्छा है घरवालों के सामने दम तोड़ देते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर । शाजापुर जिला अस्पताल में एक महिला शिक्षा मंत्री इंदर सिंर परमार के सामने डॉक्टरों पर भडक़ गई। महिला ने डॉक्टरों पर आरोप लगाते हुए कहा, ह्यइन्होंने मरीजों को टच करके भी नहीं देखा। वे दर्द से कराह रहे हैं, उसके बाद भी नहीं देख रहे। दर्द की गोलियां भी मैंने बाहर से मंगवाकर सभी को दी। मेरे चिल्लाने पर टिटनेस के इंजेक्शन लगाए गए। महिला ने कहा कि, अगर यह स्टाफ है तो हमें घर पर ही मरना है। घर से इतनी दूर आकर हमारा राम-नाम सत्य हो, इससे अच्छा है घर वालों के सामने ही दम तोड़ देते।**

**हादसे के बाद घायलों को अस्पताल लाया गया था-** शनिवार दोपहर में बोलाई गांव के हनुमान मंदिर में भंडारा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर श्रद्धालु घर लौट रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। हादसे में हर्षिता नाम की बच्ची की मौत हो गई। 6 श्रद्धालु घायल हो गए। घायल अलम, देवकलम, राजकुमारी, जमनाबाई, सपना और पूजा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला ने मंत्री इंदर सिंह परमार को अस्पताल प्रशासन की शिकायत की। महिला ने कहा कि हादसे के बाद हमें यहां लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने इलाज नहीं किया। रात में मंत्री परमार घायलों का हाल जानने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। घायलों को इलाज नहीं मिलने पर महिला ने मंत्री से डॉक्टरों की शिकायत कर दी। मरीजों की बात सुनकर मंत्री भी अस्पताल की व्यवस्थाओं से नाराज हुए। उन्होंने मौके पर मौजूद सिविल सर्जन और डॉक्टरों को व्यवस्था सुधारने और तुरंत इलाज करने के निर्देश दिए।

मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि हादसा वाकई दुखदायी है। हमारे विधानसभा क्षेत्र की एक बालिका असमय मौत के मुंह में समा गई। वह दुख भी ग्रामीणों को था। अचानक हुए इस हादसे से व्यवस्थाओं को लेकर महिला ने नाराजगी जताई है। मेरे द्वारा व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।



# संपादकीय

## भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

विश्व में गंभीर चुनौतियों को संबोधित करते हुए जी-20 सम्मेलन में फिर से व्यापक महत्त्व के मुद्दों पर साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। जी20 सम्मेलन से इतर भारत के लिए यह मौका कूटनीतिक तौर पर एक अतिरिक्त अवसर था, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति और हमारे प्रधानमंत्री के बीच सीधी बातचीत को एक अहम पक्ष के रूप में दर्ज किया जा सकता है। इसमें दोनों देशों ने विश्व कल्याण, रक्षा साझेदारी को मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर साथ काम करने का संकल्प लिया। 'नई दिल्ली घोषणापत्र' पर सभी सदस्य देशों के बीच बनी सहमति में एक नई विश्व-दृष्टि की झलक मिलती है। खुद प्रधानमंत्री ने इस घोषणापत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके साथ ही एक इतिहास रचा गया है; हम सर्वसम्मति और मनोभाव के साथ एकजुट होकर बेहतर, अधिक समृद्ध और समन्वित भविष्य के लिए सहयोग के साथ काम करने का संकल्प लेते हैं। निश्चित रूप से इस शिखर सम्मेलन में सद्भावना और औपचारिक प्रक्रियाओं के बीच यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। दरअसल, नई दिल्ली घोषणापत्र जिन बिंदुओं पर केंद्रित है, उन्हें विश्व भर में समावेशी विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इसके मुख्य केंद्रीय मुद्दों में मजबूत, दीर्घकालिक, संतुलित और समावेशी विकास के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्यों पर आगे बढ़ने में तेजी, दीर्घकालिक भविष्य के लिए हरित विकास समझौता, इक्कीसवीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं और बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करना आदि शामिल हैं। जाहिर है, आर्थिक सहयोग पर आधारित विकास के लिए काम कर रहे जी20 का नई दिल्ली घोषणापत्र भी इसके घोषित लक्ष्यों के अनुरूप है। इस आयोजन में यह भी उम्मीद थी कि सदस्य देशों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी एक स्पष्ट राय सामने आएगी। इस मसले पर समूह के बाली में हुए पिछले शिखर सम्मेलन के रुख को ही दोहराया गया कि सभी देशों को किसी भी अन्य देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ क्षेत्रीय अधिग्रहण की धमकी या बल के उपयोग से बचना चाहिए। साथ ही परमाणु हथियारों का उपयोग या इसकी धमकी अस्वीकार्य है। इसके अलावा, सभी नेताओं ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया।

### अर्ज़ किया है..!

*ज़लज़ला आया और आ कर*
*हो गया रुख़्सत मगर*
*वक़्त के रुख़ पर तबाही की*
*इबारत लिख गया*

-फ़राज़ हामिदी



सत्य-प्रेम-करुणा...

**आदमी पुरुषार्थ करे लेकिन शरणागत होकर... कि वो मुझसे करवा रहा है... हम पुरुषार्थ करें... निमि बनें... बाकी तो कृपा ही सब कर सकती है... कर्म तो करना ही है लेकिन शरणागती भूलना नहीं...**

।।रामकथा ।।मानस रामराजा ।।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर-सपाटा



# बच्चों के साथ घूमने के लिए ये जगह हैं बेहतरीन

## सैर करने के साथ सीखने मिलेगा बहुत कुछ

**भारत में घूमने के लिए खूब जगह हैं। यहां किले, समुद्र तट, पर्वत, नदियां, झील और कई प्राकृतिक जगह देखने को मिल जाएंगे। कुछ ऐसी जगह है जहां आप बच्चों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। पेरेंट्स भी चाहते हैं कि वो अपने बच्चों को ऐसी जगह लेकर जाएं, जहां वे मौज मस्ती कराने के साथ-साथ कुछ बातें भी सिख सकें। ऐसे में यहां जानिए घूमने की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में।**

### ◆ आगरा

यहां मुगल काल से जुड़े कुछ दिलचस्प फैक्ट हैं, जिनके बारे में आप बच्चों को बता सकते हैं। आगरा में प्यारा का प्रतीक ताजमहल दुनिया के सात अजूबों में से एक है। बच्चों के साथ आप ताजमहल घूमने जाएं और इस जगह के इतिहास के बारे में बच्चों को बताएं।

### ◆ अंडमान एंड निकोबार

अंडमान एंड निकोबार के समुद्री तट पर बच्चों के साथ आप एंजॉय कर सकते हैं। बच्चों के साथ मौज-मस्ती करने के लिए ये बेस्ट जगह है। यहां आप बच्चों के साथ मिलकर स्कूबा डाइविंग कर सकते हैं। इससे बच्चों को समुद्री जीवों के बारे में पता चलेगा।

### ◆ दार्जिलिंग

दार्जिलिंग में घूमने के दौरान आप अपने बच्चों को प्राकृतिक पर्यटन स्थल की सैर जरूर करवाएं। बच्चों के साथ यहां की फेमस टॉय ट्रेन का आनंद जरूर लें। यहां घूमने के दौरान आप अपने बच्चों को नैचुरल पर्यटन स्थल की सैर जरूर करवाएं। इस जगह पर बच्चों को चाय-कॉफी के बागान जरूर दिखाएं।

### ◆ मुन्नार

ये केरल का फेमस टूरिस्ट प्लेस है। बच्चों के साथ किसी हरियाली वाली जगह पर जाना चाहते हैं तो ये बेस्ट है। इस छोटे से हिल स्टेशन में आप लुप्त हुई प्रजातियों के बारे में भी अपने बच्चों को बता सकते हैं।

## Highlights

1. Thanks to PM Modi; was about to cry: AU chief on being G20 member
2. Gangster Aamna Uba records Reel in Punjab jail; police take phone
3. TDP calls for Andhra bandh today over Chandrababu Naidu's arrest
4. Traffic violations reduced due to AI cameras: Kerala minister
5. Gita Gopinath thanks Sitharaman for her efforts at G20, FM replies

# How RBI's frictionless credit initiative help lenders, borrowers save money? Official explains



**NEW DEIHI, (Agency).** The frictionless credit initiative being piloted by the Reserve Bank is helping lenders slash their customer acquisition cost by a whopping 70 per cent, while for borrowers the saving is 6 per cent of the loan amount, a senior central bank official has said.

The pilot started with an all-digital KCC (kisan credit card) lending, developed by the RBI Innovation Hub on the public tech platform, in Tamil Nadu and Madhya Pradesh this April.

The pilot has been extended to four more states -- Maharashtra, Uttar Pradesh, Karnataka, Gujarat (for dairy farmers) from August 17 this year.

The pilot launch of the public tech platform for frictionless credit to farmers has helped reduce operational costs for lenders by more than 70 per cent, while for the farmer, the saving is 6 per cent of the loan amount, Ajay Kumar Choudhary, an executive director and head of the fintech department at the RBI, said here over the weekend while addressing the three-day global fintech festival.

Moreover, there is massive savings in opportunity cost, as earlier a farmer had to make six to eight weekly rounds to the bank which has come down to a maximum of 0 minutes now, Choudhary said.

Choudhary further said this has also reduced traditional charges that banks used to levy from borrowers, as with all documents available digitally, there is effectively no cost in customer acquisition with this model of lending.

The platform was created by the Reserve Bank Innovation Hub, an independent subsidiary of the central bank, enabling seamless flow of necessary information to lenders. This in turn will help in disbursing frictionless credit.

On April 17, the RBI rolled out a pilot project for pure retail products such as kisan credit card loans up to ₹1.6 lakh per borrower, dairy loans, un-collateralised MSME loans, personal loans, and home loans, in Madhya Pradesh and Tamil Nadu.

The platform is an open architecture, based on open application programming interfaces (APIs) and standards platform where all financial sector players can connect seamlessly in a plug and play model.

# India's external debt at USD 624.7 bn within comfort zone, says FM Sitharaman

**NEW DEIHI, (Agency).** India's external debt of USD 624.7 billion at March-end 2023 with a debt-service ratio of 5.3 per cent is within the comfort zone and modest from a cross-country perspective, Finance Minister Nirmala Sitharaman has said.

In her foreword to 'India's External Debt: A Status Report 2022-23' released earlier this month, Sitharaman said the ratio of external debt to GDP




declined to 18.9 per cent at March-end 2022-23 from 20 per cent a year ago. The long-term debt constituted 79.4 per cent of total external debt, while short-term debt, which is 20.6 per cent of the total external borrowing, is basically incurred to finance imports, enhancing the stability aspects of the total external debt, she said.

"From a cross-country perspective, India's external debt position is better than most of the Low and Middle-Income Countries (LMICs) as measured by select vulnerability indicators, such as share of short-term debt in total external debt, external debt to GNI (Gross National Income), forex reserves to external debt and external debt to exports," the minister noted.

The report said the debt service ratio during 2022-23 has increased marginally to 5.3 per cent from 5.2 per cent during the previous year, mainly due to a rise in debt service payments from USD 41.6 billion in 2021-22 to USD 49.2 billion in 2022-23.

## Uttarpradesh

# भारी बारिश के चलते यूपी के कई शहरों में जनजीवन अस्त-व्यस्त, लखनऊ-बरेली-सीतापुर समेत कई जिलों में स्कूल बंद

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के तेवर को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सावधान किया है। लोगों से घरों में ही रहने को कहा गया है। रविवार की रात और सोमवार की सुबह हुई झमाझम बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति है। शहर थम सा गया है। लखनऊ, बरेली, सीतापुर, हरदोई सहित कुछ अन्य जिलों में प्रशासन ने एहतियातन स्कूल बंद कर दिए हैं।

बरेली में डीएम के आदेश पर 11 और 12 सितम्बर को कक्षा एक से 12 तक के सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कर दिया है। लखीमपुर खीरी में रविवार रात से लगातार हो रही बारिश से खेत-खलिहान लबालब हो गए हैं। बारिश के



चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में अवकाश की घोषणा कर दी है। सोमवार को ही बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में निपुण टेस्ट होना था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। सीतापुर में 15 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। यहां भी डीएम ने स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। भारी बारिश के चलते सीतापुर में बिजली व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। कई उपकेंद्र ठप हो गए हैं। कही तार टूटे हैं तो कहीं खंभे गिरे हैं। सीतापुर और सिधौली के दो उपकेंद्रों से बिजली पूरी तरह ठप है। जलभराव से कई मोहल्लों में घर से निकलना मुश्किल है।

पीलीभीत में शनिवार रात से जिले में लगातार बारिश हो रही है। पिछले 48 घंटे में जिले में 50 एमएम से अधिक बारिश हो चुकी है। बारिश के कारण खेत लबालब हो चुके हैं। हालांकि सोमवार को किसी स्कूल में अवकाश की घोषणा नहीं हुई है।

## Rajasthan

## खेत में फैक्ट्री, ऑटोमेटिक मशीन और... शराब के काले कारोबार का पर्दाफाश

**भीलवाड़ा, (एजेंसी) राजस्थान के भीलवाड़ा में आबकारी विभाग की टीम ने नकली शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. यहां से भारी मात्रा में नकली शराब, शराब की पैकिंग की मशीन बरामद की गई. साथ ही एक शख्स को गिरफ्तार भी किया गया. आबकारी विभाग की इस छापेमारी की कार्रवाई से जिले में शराब तस्करों में खलबली मच गई है.**

जिला आबकारी अधिकारी लोकेश जोशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि चिताम्बा ग्राम पंचायत के फाकोलिया गांव में नकली शराब फैक्ट्री है. इसका संचालन एक खेत में हो रहा है. यहां से जिले में नकली शराब सप्लाई की जा रही है. इस सूचना पर छापेमारी के लिए टीम गठित की गई. इसके बाद आबकारी विभाग की टीम फाकोलिया गांव पहुंची. वहां रहने वाले ठाकुर भानु प्रताप सिंह के खेत में बनी अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा. इस दौरान वहां शराब बनाई जा रही थी. आबकारी विभाग की टीम को देखते ही वहां मौजूद लोग फरार हो गए. मगर, काना नाथ नामक युवक को शराब बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया गया. इसके अलावा टीम को फैक्ट्री से 25 लीटर नकली शराब, 200 लीटर स्प्रिट, शराब कंपनी के लेबल, ऑटोमेटिक पैकिंग मशीन और पानी की मशीन मिली है, जिसे जब्त कर लिया गया है.

## Jammu

## श्रीनगर-बारामूला हाईवे पर संदिग्ध IED बरामद, ट्रैफिक रोका, नष्ट किया

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया गया है। श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर हंजीवेरा पट्टन में संदिग्ध वस्तु आईईडी मिली है। इसकी सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने श्रीनगर बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंद कर दिया। जांच के बाद संदिग्ध आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, सोमवार की सुबह श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर हंजीवेरा पट्टन में सुरक्षा बलों को संदिग्ध आईईडी होने की जानकारी मिली। जानकारी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और बीडीएस मौके पर पहुंचे। सबसे पहले सुरक्षाबलों ने हाईवे पर ट्रैफिक रोका। इसके बाद संदिग्ध आईईडी की जांच की। जांच के बाद उसे निष्क्रिय कर दिया गया। इलाके में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चला रखा है।

## Jharkhand

## LED चोरी के आरोप में युवक को लाठी से इतना पीटा कि हो गई मौत, आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

**रांची, (एजेंसी) झारखंड के रांची के सिकिदिरी में एलईडी बल्ब की चोरी के आरोप में दो आदिवासी युवकों को दंपत्ति ने बुरी तरह पीटा. इससे एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया. इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया.**

जानकारी के अनुसार, सिकिदिरी के ढेलुआखूंटा में एलईडी बल्ब चुराने के आरोप में दो आदिवासी युवकों को लाठी से पीटा गया. इसमें हरातूखूंटा के रहने वाले 24 वर्षीय उमेश मुंडा की मौत हो गई. वहीं 25 वर्षीय बबलू मुंडा घायल है. पुलिस ने युवक की हत्या और दूसरे को घायल करने वाले आरोपी जराटोली के नीलकांत प्रसाद और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

दरअसल, नीलकांत ने अपने होटल में एलईडी बल्ब की चोरी का आरोप उमेश और बबलू पर लगाया था. वह शुक्रवार को दोनों को अपने घर ले गया. आरोप है कि घर पर नीलकांत ने पत्नी के साथ मिलकर दोनों को लाठी से जमकर पीटा. इससे घायल होकर उमेश गिर गया. इसके बाद उसने बबलू को भगा दिया.

## खेल

# जोकोविच ने जीता 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब

## यूएस ओपन फाइनल में मेदवेदेव को दी शिकस्त

**न्यूयॉर्क। नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। न्यूयॉर्क के मार्गरेट कोर्ट में खेले गए फाइनल में जोकोविच ने डेनियल मेदवेदेव को हराकर 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता। कड़े मुकाबले में सर्बिया के 36 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने 6-3, 7-6 (7-5), 6-3 से जीत हासिल की।**

जोकोविच ने पहला सेट 6-3 से आसानी से जीता। इसके बाद दूसरे सेट में जोकोविच और मेदवेदेव के बीच जमकर संघर्ष हुआ, जो एक घंटे और 44 मिनट तक चला। जोकोविच ने 7-6 (7-5) से यह सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में जोकोविच ने 6-3 से जीत दर्ज कर मेदवेदेव को पटखनी दी।



### जोकोविच के नाम चौथा यूएस ओपन खिताब

दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच दूसरे सेट में थोड़ा परेशान दिखे, लेकिन उन्होंने चौथा यूएस ओपन खिताब जीतने के लिए अपनी महानता का परिचय दिया। जोकोविच ने इस साल की शुरुआत में राफेल नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। जोकोविच को जुलाई में विंबलडन फाइनल हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, वह 2023 में चार ग्रैंड स्लैम खिताब में से तीन अपने नाम कर चुके हैं।

जोकोविच अब तक 36 बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल चुके हैं और 24 खिताब अपने नाम किए। वह 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन और सात बार विबंलडन चैंपियन रह चुके हैं। तीन बार फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीत चुके हैं।

### शेल्टन को हराकर फाइनल में पहुंचे थे जोकोविच

जोकोविच ने सेमीफाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन को लगातार सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से हराया था और सातवीं बार यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। शेल्टन के खिलाफ मैच उनका इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 100वां मैच भी था।

## सिनेमा

## शाहरुख की 'जवान' लाई हिंदी सिनेमा का सबसे कमाऊ दिन, रविवार को रिकॉड्र्स की बौछार, 4 दिन में 500 करोड़ पार

'जवान' से शाहरुख खान ने थिएटर्स को वो दिन दिखाने शुरू कर दिए हैं, जिनका सपना फिल्म बिजनेस कभी देखता रहा होगा. पहले दिन से ही थिएटर्स में उनकी फिल्म का क्रेज जनता के सर चढ़कर बोल रहा है. और ये हाल सिर्फ भारत में ही नहीं है, बल्कि इंटरनेशनल मार्किट में भी है.




इस साल की शुरुआत में शाहरुख ने 'पठान' से बड़ी धुआंधार वापसी की थी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के ऐसे आंकड़े जुटाए, जो बॉलीवुड फिल्मों ने पहले कभी नहीं देखे थे. अब 'जवान' से शाहरुख जैसे ये साबित करने पर जुटे हैं कि उनके अनलिमिटेड स्वैग का जादू बॉक्स ऑफिस का साइज इतना बढ़ा सकता है कि कोई अनुमान भी नहीं लगा सकता.

गुरुवार को रिलीज वाले दिन रिकॉर्डतोड़ कमाई करने वाली 'जवान', शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर थोड़ी सी हल्की पड़ी. लेकिन शनिवार को फिल्म ने अकल्पनीय जंप लिया और बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया. रविवार को 'जवान' ने एक बार फिर से हिंदी फिल्मों को एक ऐतिहासिक कमाई वाला दिन दिया है. आइए बताते हैं सिर्फ 4 दिन में ही 'जवान' की कमाई ने क्या बवाल मचाया है... ट्रेड रिपोर्ट्स बताती हैं कि रविवार को 'जवान' ने भारत में 80 करोड़ रुपये से ज्यादा नेट कलेक्शन कर डाला. चौथे दिन शाहरुख की फिल्म का कलेक्शन 80 से 82 करोड़ रुपये के बीच है. किसी भी बॉलीवुड फिल्म ने पहली बार एक ही दिन में इतनी कमाई देखी है. सिर्फ हिंदी में ही 'जवान' ने रविवार को 70 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन किया. रविवार के दिन कमाई करने वाली सबसे बड़ी फिल्मों 'पठान' और 'गदर 2' भी 60 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई थीं.

# एमवाय अस्पताल में मारपीट

## देर रात एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में रविवार रात गार्ड ने एक महिला को धक्का दे दिया। विवाद इतना बढ़ा कि खुद को मंत्री समर्थक बताने वाले युवक और उसके साथ आए साथियों ने गार्ड की पिटाई कर दी। इसके बाद यहां और गार्ड भी पहुंच गए। बताया जाता है कि बचाव में सीएमओ को भी मैदान में उतरना पड़ा। बाद में मंत्री के समर्थक की जानकारी होने पर डॉक्टरों ने तुरंत युवकों के खिलाफ संयोगितागंज थाने में मारपीट का केस दर्ज करा दिया।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक घटना एमवाय अस्पताल के कैजुल्टी की है। यहां ऋषभ बंसल रात 11 बजे अपने दोस्त की मां और दोस्तों के साथ यहां पहुंचा। करीब आधा दर्जन युवक एक साथ कैजुल्टी में घुसे तो यहां मौजूद गार्ड मुकेश पुत्र रतनलाल ने आपत्ति ली। इसके बाद ऋषभ ने खुद को मंत्री का समर्थक बताया और विवाद शुरू कर दिया। मुकेश से मारपीट के दौरान गार्ड दुर्गेश, नितिन और कमल भी वहां पहुंचे। युवकों ने इनके साथ भी मारपीट की।

विवाद की शुरुआत ऋषभ के साथ आई महिला को धक्का मारने के बाद हुई। यहां ड्यूटी पर मौजूद सीएमओ पुरुषोतम डांगी को भी बचाव में उतरना पड़ा। इस दौरान युवकों की उनसे भी हाथापाई हो गई। एमवाय के गार्डों ने मिलकर बाद में युवकों को काफी बुरी तरह से पीटा। सीएमओ को पता चला कि ऋषभ बीजेपी के एक मंत्री का समर्थक है। तो उन्होंने तुरंत मामले में गार्डों का मेडिकल कराकर उन्हें संयोगितागंज में एफआईआर दर्ज कराने के लिये भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर सट्टा लगाते पकड़ाए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने एशिया कप में भारत-पाकिस्तान की जीत हार पर बुकिंग कर रहे दो सटोरियों को पकड़ा है। आरोपी एक फ्लैट में बैठकर अवैध का काम कर रहे थे। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक राजेन्द्र नगर की शिव सागर कॉलोनी में दबिश मारकर क्राइम ब्रांच ने रोहित पुत्र गोवर्धन मित्तल निवासी अंबिकापुरी सुनील पुत्र कल्याणमल तिवारी निवासी कालानी नगर को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 7 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, टैबलेट और पेन ड्राइव मिली है। दोनों आरोपी पहले एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर सट्टा लगा रहे थे। मैच में बारिश का खलल पडऩे पर इंग्लैड-न्यूजीलैंड के बीच चल रही श्रृंखला को लेकर सट्टा लगाने लगे। दोनों आरोपी एरोड्रम इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस उनके पुराने के रिकार्ड पता करने में जुटी है।

# इंटीरियर डेकोरेटर की संदिग्ध मौत

## ◆दोस्त ने अस्पताल में भर्ती कर परिवार को सूचना दी, परिवार पहुंचा इससे पहले दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआर 10 में रहने वाले एक इंटीरियर डेकोरेटर की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। तबीयत बिगडऩे पर उसके दो दोस्त रविवार रात में अस्पताल लेकर पहुंचे। रात में परिवार के लोगों को एमवाय अस्पताल पहुंचने पर कॉल किया तो पता चला कि इंटीरियर डेकोरेटर की मौत हो चुकी है।**

पुलिस के मुताबिक भाग्य लक्ष्मी कॉलोनी में रहने वाले अरुण (35) पुत्र भरत वर्मा को उसका दोस्त अभिषेक व एक अन्य रविवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां अरुण की देर शाम मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि अरुण की रावजी बाजार इलाके में साइट है।

दोस्त अभिषेक ने मोबाइल पर कॉल कर शाम करीब साढ़े पांच बजे जानकारी दी कि अरुण की तबीयत खराब हो गई है। वह उसे अस्पताल लेकर आया है। इसके बाद परिवार के लोगों ने एमवाय अस्पताल में संपर्क किया। जहां डॉक्टरों ने अरुण की मौत होने की जानकार दी।

**दोस्तों के साथ जाने का कहकर गए-** अरुण के परिवार में बड़े भाई तरुण ने बताया कि अरुण अपनी पत्नी खुशबू से दोस्तों के साथ घूमने जाने का कहकर गया था। घर से जाने के बाद अरुण ने साइट पर सामान भी रखवाया। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और दोस्तों के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। अरुण के परिवार में एक बेटा और बेटी है। अरुण के पिता की कोरोना कॉल में मौत हो चुकी है।

# बाइक टैक्सी चालक की हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा इलाके में शनिवार रात एक बाइक टैक्सी कर्मचारी की सडक़ हादसे में मौत हो गई। रात में कल्याण मिल के यहां वह गंभीर हालत में मिला। उसे उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।**

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना कल्याण मिल क्षेत्र की है। यहां रात में सूचना मिली थी कि एक बाइक सवार घायल पड़ा है। सूचना के बाद उसे एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा गया। घायल के पास मिले मोबाइल के बाद उसकी पहचान आकाश पुत्र महेश शर्मा निवासी सदर बाजार के रूप में हुई। पिता के मुताबिक रेपिडो बाइक टैक्सी चलाता है।

आकाश के माता-पिता दर्शन करने रविवार को ओंकोरेश्वर गए थे। रात में लौटे तो उन्होंने देखा कि बेटा घर पर नहीं है। इसके बाद उन्होंने मोबाइल पर कॉल किया। तब उन्हें पता चला कि उसका एक्सीडेंट हो गया था। और उसकी बॉडी एमवाय अस्पताल में रखी है। पिता के मुताबिक आकाश उनका इकलौता बेटा है। वहीं एक बेटी भी है। आकाश की डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। वह पहले बैंक में नौकरी कर रहा था। लेकिन वहां से जॉब छूटने के बाद वह रेपिडो बाइक टैक्सी चलाने लगा। परिवार ने हादसे को लेकर शंका जाहिर की है।

# चोरों ने सुने मकानों को बनाया निशाना

## हजारों रुपए नकदी और आभूषण ले भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले सुतारखेड़ी में स्थित गिरनार-2 कॉलोनी में एक सुने मकान में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। घटना की जानकारी रविवार शाम 7 बजे करीब लगी। जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखा और गेट खुला था। जैसे ही अंदर गए तो अलमारी का पूरा सामान बिखरा पड़ा नजर आया। अलमारी में रखा सोना और नगदी रुपए चोर चोरी करके ले गए।

मकान मालिक विजय यादव ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से इंदौर में थे। इंदौर के निजी अस्पताल में उनके परिजन का इलाज जारी है। आज जब शाम को वह घर पहुंचे, तो घटना की जानकारी लगी। घर में रखें 19 हजार रुपए नगद और सोने चांदी के आभूषण चोर ले गए हैं।

फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। इसी कॉलोनी में चोरी की 24 घंटे में यह दूसरी घटना सामने आई है। रविवार सुबह भी एक घर के ताले टूटे पड़े थे जब मकान मालिक घर पहुंचे तो उनको चोरी के बारे में जानकारी लगी थी।

# कांग्रेस के खिलाफ चुनाव में लड़ेंगे कानूनी लड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय जनता पार्टी की विधि प्रकोष्ठ के लगभग 300 वकीलों को रविवार को भाजपा कार्यालय में चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय जनता पार्टी ने 2023 के चुनाव के लिए विधि प्रकोष्ठ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। हर विधानसभा से पांच पांच वकीलों की टोली को प्रशिक्षित किया गया है जो प्रशासन और पुलिस से संपर्क रख चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशियों की कानूनी मदद और कांग्रेसियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर की नौ बार की सांसद और पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन,सहित शहर इंदौर के महापौर और पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा मध्य प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज द्विवेदी



थे। मंच पर अतिथियों के साथ ही विधि प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के सह प्रभारी अमित सिंह सिसोदिया, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज शर्मा, जबलपुर से आए एडवोकेट विजय पांडे, दिल्ली हाई कोर्ट से प्रशिक्षण देने आए नीरज जी इंदौर संभाग के प्रभारी श्री देवेंद्र सिंह यादव, ज़िला इंदौर ग्रामीण के संयोजक भूपेंद्र सिंह कुशवाह व इंदौर नगर संयोजक निमेश पाठक मौजूद थे। प्रशिक्षण शिविर में ताई ने कहा कि भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सलाहकार, भाजपा प्रत्याशियों को कंट्रोवर्सी वाले बेतूके बयानों से बचने की सलाह दे। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पहले चुनाव में एक दो वकील केवल कानूनी सलाह देने तक ही सीमित रहते थे, अब बड़ी संख्या में अभिभाषणगण चुनावी जिम्मेदारी उठाएंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी को चुनावी समय में किस तरह से वकील पटखनी दे सकते हैं इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने आलोट विधानसभा के चुनाव का उदाहरण भी इस दौरान दिया । विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज द्विवेदी , जबलपुर से आए विजय पांडे और दिल्ली से पधारे नीरज जी ने चुनावी आचार संहिता, प्रत्याशियों के फार्म भरवाने से लेकर चुनाव पूरे होने तक की जाने वाली शिकायतें और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से अपनी बात मंच पर रखी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ ही वंदे मातरम के गायन से हुई थी । अंत में कार्यक्रम में आभार प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग सह प्रभारी अमित सिंह सिसोदिया ने माना । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जयकारों के नारो के साथ हुआ । कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत भी इंदौर -उज्जैन संभाग से आए अभिभाषकों ने किया ।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।